आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरूवार 30.05.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानो को तकनीकी रूप से आगे बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।
- लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार आज शाम समाप्त।
- प्रदेश में खगोल पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मसूरी में कल से तीन दिवसीय नक्षत्र सभा का आयोजन होगा।
- मौसम विभाग ने कल राज्य के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की।

**उपराश्ट्रपति**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जोर देते हुए कहा है कि किसानो को वर्तमान में तकनीकी रुप से आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने किसानों को कृषि से संबंधित उद्योगों के साथ जोड़ने पर भी बल दिया। उपराष्ट्रपति ने ऊधमसिंह नगर जिले में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में यह बात कही। इससे पहले, उपराष्ट्रपति ने नैनीताल जिले में बाबा नीम करौरी आश्रम में दर्शन कर पूजा–अर्चना की। इस मौके पर पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि "भारत की पांच हजार साल की सांस्कृतिक विरासत दुनिया में बेमिसाल है और आज की वैश्विक समस्याओं के समाधान में भारतीय संस्कृति एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

**प्रचार समाप्त**

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार आज शाम समाप्त हो गया। इस चरण में पहली जून को सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। मतगणना 4 जून को होगी। इस चरण में उत्तर प्रदेश की और पंजाब की 13–13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, हिमाचल प्रदेश की चार, झारखण्ड की तीन और चंडीगढ़ की एक सीट पर मतदान होगा।

**मतगणना**

इधर, उत्तराखण्ड में चार जून को लोकसभा चुनाव में पड़े मतों की गणना के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चमोली में आज मतगणना के लिए नियुक्त सभी कार्मिकों को पहला प्रशिक्षण दिया गया। मतगणना कार्मिकों का दूसरा प्रशिक्षण तीन जून को होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि मतगणना, निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम और बेहद महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने मतगणना कार्मिकों को बेहद गंभीरता, सतर्कता और सावधानी के साथ मतगणना कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए।

**एक्सप्रेस वे निर्माण**

देहरादून से दिल्ली का सफर आने वाले समय में और आसान हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पांडेय ने कहा कि दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य जल्द पूरा होने का अनुमान है। इस एक्सप्रेस वे को आठ चरणों में तैयार किया जा रहा है। दिसंबर तक इस परियोजना के पूरा होने का अनुमान है। गौरतलब है कि दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे एशिया का सबसे लंबा वन्यजीव गलियारा है। इस एक्सप्रेस वे के बनने से दिल्ली से देहरादून की दूरी महज ढ़ाई घंटे रह जाएगी।

**कॉलेजों में प्रवेश**

राज्य में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए अब तक इकतालिस हजार छात्र पंजीकरण करवा चुके हैं। उच्च शिक्षा निदेशक डॉक्टर अंजू अग्रवाल छात्रों से 31 मई तक पंजीकरण करने को कहा है। इसके बाद बाद महाविद्यालयों में पंजीकरण नहीं किया जा सकेगा।

**एस्ट्रो टूरिज्म–नक्षत्र सभा**

प्रदेश में खगोल पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मसूरी में कल से तीन दिवसीय नक्षत्र सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें तारों को देखने, विशेष सौर अवलोकन, एस्ट्रो फोटोग्राफी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों को प्रस्तुत किया जाएगा। 'नक्षत्र सभा' भारत का पहला वार्षिक अभियान है, जिसे खगोल पर्यटन के साथ जोड़ा जा रहा है। एस्ट्रो टूरिज्म कंपनी, स्टारस्केप्स के सहयोग से यह अभियान शुरू किया गया है। मसूरी के जॉर्ज एवरेस्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में 84 प्रतिभागी आयोजन स्थल पर स्थापित कैंपों में रात्रि प्रवास कर विशेष उपकरणों के माध्यम से ब्रह्मांड की सुदंरता को देखने का अनुभव प्राप्त करेंगे। साथ ही एक जून से आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए 100 से अधिक प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। मसूरी में नक्षत्र सभा के आयोजन के बाद पूरे वर्ष हर्षिल, जादुंग, बेनीताल, ऋषिकेश, जागेश्वर, रामनगर आदि स्थलों पर भी एस्ट्रो टूरिज्म का आयोजन किया जाएगा। इसमें विशेषज्ञों के साथ सेमिनार और वेबिनार के अलावा उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, नैनीताल, चमोली जिलों में डार्क स्काई संभावित स्थलों को कवर किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों और यात्रियों को ब्रह्मांड की सुंदरता देखने के लिए एक साथ लाना है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने कल राज्य के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 36 घण्टों में प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में रात के समय भी तापमान अधिक रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घण्टों में राज्य के तापमान में पांच से सात डिग्री सेल्सियस की बढोतरी दर्ज की गई है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में सबसे अधिक तापमान जौलीग्रांट में 43 दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस वर्ष में प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में सबसे ज्यादा है। मौसम विभाग ने सलाह दी है कि आवश्यक काम होने पर ही लोग दोपहर के समय में घर से बाहर निकलें। इस बीच, मौसम विभाग ने पहली और दूसरी जून को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने का अनुमान भी जताया है।

**दृश्टिकोण**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का भारत के बारे में अपने दृष्टिकोण को **स्थिर से सकारात्मक** करना एक स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि यह भारत के ठोस विकास प्रदर्शन और आने वाले वर्षों के लिए एक आशाजनक आर्थिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। वित्त मंत्री ने इसका श्रेय वर्ष 2014 के बाद से किए गए व्यापक आर्थिक सुधारों की श्रृंखला को दिया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

**रैन बसेरा निर्माण**

चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के अंतर्गत बदरीनाथ धाम में वाहन चालकों के रात्रि विश्राम के लिए जल्द ही रैन बसेरा बनाया जाएगा। ग्रामीण निर्माण विभाग ने प्री–फेब्रिकेटेड दो मंजिला डोरमेट्री निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है, जिसमें भूतल पर पार्किंग की सुविधा भी रहेगी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद शीघ्र ही इसका निर्माण किया जाएगा। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने ग्रामीण निर्माण विभाग को बदरीनाथ मास्टर प्लान के अनुसार रैन बसेरों का डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

**ऑलवेदर रोड परियोजना**

राज्य की ऑल वेदर रोड परियोजना के दूसरे चरण में रुद्रप्रयाग में गौरीकुंड व बदरीनाथ हाइवे को जोड़ने के लिए सुरंग और पुल निर्माण हो रहा है। इसमें 900 मीटर लंबी सुरंग के आंतरिक कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें फुटपाथ के साथ ही अन्य कार्य शामिल है। वहीं, अलकनंदा नदी पर प्रस्तावित 200 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। पुल का एक पिलर लगभग तैयार हो चुका है और दूसरे का काम पचास फीसदी से अधिक हो चुका है। अगले वर्ष अप्रैल तक पुल बनकर तैयार होने की उम्मीद है। 156 करोड़ की लागत से बन रहे पुल और सुरंग के निर्माण से जिला मुख्यालय के लिए यातायात सरल होगा और ट्रैफिक जाम से भी राहत मिलेगी।